प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
03.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11:00बजे

## वेव्स 2025

वेव्स 2025 के तीसरे दिन आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन भारत की लाइव इवेंट अर्थव्यवस्था एक रणनीतिक विकास अनिवार्यता शीर्षक से अपनी तरह का पहला श्वेत पत्र जारी करेंगे। श्वेत पत्र भारत के तेजी से बढ़ते लाइव मनोरंजन उद्योग का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इस अवसर पर मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 2024–25 पर सांख्यिकीय पुस्तिका भी जारी की जाएगी।

सम्मेलन में आज सामुदायिक रेडियो पर राष्ट्रीय सम्मेलन भी होगा। यह सामुदायिक रेडियो केंद्रों को एक दूसरे से जुड़ने, सीखने और सर्वोत्तम परम्पराओं को साझा करने के लिए एक मंच भी प्रदान करेगा।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कल नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में भाग लिया। बैठक में केंद्रीय नेताओं के साथ प्रदेश में कांग्रेस कार्यकारिणी के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह भी बैठक में मौजूद रहीं। बैठक में पार्टी के संविधान बचाओ अभियान को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पार्टी नेताओं के साथ प्रदेश में संगठन और अन्य मुद्दों पर भी विचार–विमर्श किया।

## आरबीआई

भारतीय रिजर्व बैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024–25 में भारत का कुल निर्यात लगभग आठ खरब पच्चीस अरब डॉलर के अब तक के उच्च स्तर पर पहुंच गया है। पिछले वर्ष के सात खरब 78 अरब डॉलर के निर्यात की तुलना में 6 दशमलव शून्य एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सेवा निर्यात 13 दशमलव 6 प्रतिशत बढ़कर 3 खरब सत्तासी अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया।

## प्रैस स्वतंत्रता दिवस

आज विश्व प्रैस स्वतंत्रता दिवस है। यह दिन प्रैस स्वतंत्रता को प्रोत्साहित करने और दुनिया भर में प्रैस स्वतंत्रता की स्थिति का आकलन करने के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय है नई दुनिया में रिपोर्टिंग– प्रेस स्वतंत्रता और मीडिया पर कृत्रिम मेधा का प्रभाव। यह विषय पत्रकारिता, मीडिया और प्रेस स्वतंत्रता को बदलने में कृत्रिम मेधा के तेजी से विकास और उपयोग पर प्रकाश डालता है।

धर्मशाला मैच

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में कल होने वाले आईपीएल मुकाबले में पंजाब किंग्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ होगा। ये मैच भारतीय समयानुसार शाम साढे सात बजे से शुरू होगा। इससे पहले लखनऊ सुपरजायंटस की टीम ने कल शाम के सत्र में अभ्यास किया और पिच की जानकारी ली।

आईपीएल मैच

इस बीच बी.सी.सी.आई द्वारा आईपीएल क्रिकेट मैच प्रेमियों के लिए देश भर के 50 शहरों में डिजिटल स्क्रीन के माध्यम से तीन मैच दिखाने की व्यवस्था की गई है। प्रदेश के कुल्लू जिला में आज और कल चार मई को होने वाले आईपीएल क्रिकेट मैच के लिए फैन पार्क स्थापित किए गए हैं जिसके माध्यम से दर्शक मैच का आनंद उठा पाएंगे। कुल्लू जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष दानविंद्र सिंह ने कुल्लू में एक पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि ढालपुर मैदान में पांच हज़ार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि फैन पार्क में क्रिकेट प्रेमियों के लिए विभिन्न प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी और इसमें प्रवेश भी निःशुल्क रहेगा। उन्होंने कहा कि फैन पार्क में सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

मौसम

जनजातीय क्षेत्रों सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। वहीं कल बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि व तेज हवाएं चलने से फसलों को नुकसान पहुंचा है जिससे किसानों व बागवानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि राज्य के मैदानी इलाकों में लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने आगामी 7 मई तक प्रदेश के मैदानी व मध्यवर्ती इलाकों में अंधड़, तूफान के साथ बारिश का क्रम रूक–रूककर जारी रहने की संभावना जताई है। अधिक जानकारी के साथ हमारे शिमला जिला संवाददाता–

मार्ग बहाल कार्य

चंबा– पांगी वाया किलाड़ साच पास मार्ग को बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य जारी है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि साच दर्रे को जून माह तक वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि समुद्र तल से करीब 14 हजार 500 फीट की ऊंचाई पर स्थित साच दर्रे से भारी बर्फ को हटाना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती है, जिनमें करीब 15 छोटे बड़े गलेशियर है।